Title: Need to expedite exploration of petroleum in Jaisalmer and Barmer districts, Rajasthan - Laid.

कर्नल (सेवानिवृत्त) सोना राम चौधरी (बाड़मेर): महोदय, मैं बाड़मेर और जैसलमेर जिलों का प्रतिनिधित्व करता हूं, जो कि थार मरूस्थल के मध्य में है तथा जहां बहुत उपयोगी तेल के कुंए पाये गये हैं। इन तेल के कुंओं से, जो कि बाड़मेर और जैसलमेर जिलों में पाये गये हैं, तेल निकालने का काम बहुत ही धीमा है। हमारे तेल के कुंओं के साथ पाकिस्तान के तेल के कुंए हैं, उनसे तेल निकालने का ठेका विदेशी फर्मों को दिया गया है। यह भी देश के अखबारों में छपा है कि हमारे तेल के कुएं पाकिस्तान द्वारा अधिक मात्रा में तेल निकालने की वजह से खाली हो रहे हैं।

इस भाग में कार्य की गति बहुत ही धीमी है और बजट का प्रावधान बिल्कुल न के बराबर है। एक तरफ हम तेल का आयैत कर रहे हैं और दूसरी तरफ हमारी गति बहुत धीमी है, जो कि हमारे राट्र्हित में नहीं है।

मेरा सुझाव है कि जहां कहीं भी तेल के भंडार पाये जायें, उनका पूरी तरह से दोहन किया जाये और प्राथमिकता के आधार पर वहां तेल शोधक कारखाने स्थापित किये जावें। इसलिए मैं प्रधानमंत्री जी से प्रार्थना करता हूं कि इसमें दखल दें और निम्नलिखित कार्यवाही करें-

1. बाड़मेर, जैसलमेर और जालौर जिलों के सभी तेल कुंओं का राट्रीय/अंतर्राट्रीय एजेंसियों से सर्वेक्षण कराया जाये।
2. जिन अधिकांश ब्लाकों में तेल उत्पाद के लिए सर्वे हो चुका है, वहां अतिरिक्त बजट का प्रावधान किया जाये।
3. क्योंकि गुडामलानी भाग में अधिक तेल भंडार पाया गया है, इसलिए तेल शोधक कारखाना स्थापित करने हेतु अविलम्ब संसाधन उपलब्ध कराया जाये ताकि उत्पादन बिना देरी के शुरू हो सके।